# राष्ट्रीय सेवा योजना
# प्रथम इकाई
# ए. के.पी. डिग्री कॉलेज,खुर्जा

## सम्बद्ध चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
## वार्षिक आख्या
## व
## विशेष शिविर की आख्या
## सत्र – 2025-2026

**प्रो. डिम्पल विज**
प्राचार्या
ए. के.पी.

Principal
A.K.P. Degree College
Khurja

**डॉ. मनु आर्या**
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## वार्षिक गतिविधि तालिका सत्र – 2025-2026

| | | |
|---|---|---|
| 01 | वृक्षारोपण अभियान | 07/07/2025 |
| 02 | वृक्षारोपण अभियान ग्राम निजामपुर | 09/07/2025 |
| 03 | राखी निर्माण हर घर तिरंगा अभियान-2025 | 07/08/2025 |
| 04 | मिशन शक्ति फेस -5 के उद्घाटन सत्र में सहभागिता | 20/9/2025 |
| 05 | स्वच्छता पखवाडा | 23/9/2025 |
| 06 | राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस | 24/09/2025 |
| 07 | पुस्तकालय परिसर में स्वच्छता | 25/9/2025 |
| 08 | स्वच्छ भारत विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता | 26/9/2025 |
| 09 | विशिष्ट व्याख्यान | 27/09/2025 |
| 10 | सरदार @150वीं प्री इवेंट कार्यक्रम | 30/10/2025 |
| 11 | युवा दिवस | 12/01/2026 |

मनु आर्या

# वृक्षारोपण अभियान


एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 07/07/2025 को वन महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिम्पल विज कार्यक्रम अधिकारी डा मनु आर्या तथा स्वयं सेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में नींबू जामुन चम्पा चांदनी के वृक्ष लगाए। इस अवसर पर समस्त शिक्षिका बहनों ने भी एक पेड़ मां के नाम लगाया।




मनु आर्या

## वृक्षारोपण अभियान ग्राम निजामपुर

एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा दिनांक 09/07/2025 को वन महोत्सव सप्ताह के अन्तर्गत वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आज कार्यक्रम अधिकारी डा मनु आर्या के निर्देशन में स्वयं सेविकाओं ने ग्राम निजामपुर में वृक्षारोपण अभियान चलाया। स्वयं सेविकाओं ने ग्राम में अमरुद, जामुन, नींबू, चम्पा, चांदनी तथा नीम के फलदार, पुष्प वाले तथा छायादार वृक्ष लगाए।




मनु आर्या


NOT ME BUT YOU
GPS Map Camera
Khurja, Uttar Pradesh, India
6rwj+8m9, Khurja, Uttar Pradesh 203132, India
Lat 28.245736° Long 77.82973°
09/07/2025 11:42 AM GMT +05:30
Google


BUT YOU..
GPS Map Camera
Khurja, Uttar Pradesh, India
6rwj+8m9, Khurja, Uttar Pradesh 203132, India
Lat 28.245722° Long 77.829722°
09/07/2025 11:38 AM GMT +05:30
Google

मनु आर्या

# राखी निर्माण हर घर तिरंगा अभियान-2025

ग्राम वासियों को वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण के लिए प्रेरित किया।आज दिनांक 07/08/2025 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई द्वारा राखी निर्माण कार्य क्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा मनु आर्या ने बताया कि यह आयोजन शासन द्वारा निर्देशित हर घर तिरंगा अभियान -2025 के अन्तर्गत आयोजित किया गया है। स्वयं सेविकाओं ने राष्ट्र रक्षा में तैनात भारत के सुरक्षा प्रहरी सैनिकों के हाथों को रक्षा सूत्र सुशोभित करने के लिए राखी निर्माण किया गया। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका श्रीमती नीलू सिंह ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राखी प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में देशभक्ति की भावना को जागृत करना तथा भारतीय तिरंगे के महत्व को समझाना तथा छात्राओं की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है।भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय प्रतीकों और तिरंगे के रंगों का सुंदर समन्वय तिरंगा राखी में देखने को मिला। इस अवसर एन एस एस नोडल अधिकारी श्रीमती एकता चौहान, प्रो साहिल, प्रो रेखा चौधरी ने छात्राओं की रचनात्मकता की प्रशंसा की तथा उज्जवल भविष्य की मंगल कामनाएं सम्प्रेषित कहीं।




मनु आर्या

By admin

AUG 7, 2025




खुर्जा। ।भारत पुष्प। गुरूवार को एकेपी डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई द्वारा राखी निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा मनु आर्या ने बताया कि यह आयोजन शासन द्वारा निर्देशित हर घर तिरंगा अभियान -2025 के अन्तर्गत आयोजित किया गया है। स्वयं सेविकाओं ने राष्ट्र रक्षा में तैनात भारत के सुरक्षा प्रहरी सैनिकों के हाथों को रक्षा सूत्र सुशोभित करने के लिए राखी निर्माण किया गया। महाविद्यालय की प्राध्यापिका नीलू सिंह ने स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राखी प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में देशभक्ति की भावना को जागृत करना तथा भारतीय तिरंगे के महत्व को समझाना तथा छात्राओं की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है।भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय प्रतीकों और तिरंगे के रंगों का सुंदर समन्वय तिरंगा राखी में देखने को मिला। इस अवसर एनएसएस नोडल अधिकारी एकता चौहान, प्रो साहिल, प्रो रेखा चौधरी आदि मौजूद रहीं।

5 total views , 1 views today

Spread the love

« डीपीवीएस कॉलेज में वाणिज्य संकाय द्वारा कॉमर्स डे मनाया गया


कस्तूरबा गांधी स्कूल में राखी प्रतियोगिता का आयोजन »

मनु आर्या

# मिशन शक्ति फेस -5 के उद्‌घाटन सत्र में सहभागिता

आज दिनांक 20.9.2025 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेस -5 के उद्‌घाटन सत्र में सहभागिता की। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ से किया गया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। यह अभियान प्रदेश की नारी शक्ति को सुरक्षित व आत्मविश्वास से परिपूर्ण करेगा। इसका उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करना, साइबर सुरक्षा, नए आपराधिक कानूनों और सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम में प्राचार्या प्रो डिम्पल विज ,डा मनु आर्या, डॉ गीता सिंह तथा स्वयं सेविकाओं उपस्थित रहीं।



मनु आर्या


## स्वच्छता पखवाडा 23/9/2025

आज दिनांक 23/9/2025 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डिंपल ने को स्वच्छता की शपथ जी ने स्वयं सेविकाओं को अपने घरों का कचरा सड़क पर ना फेंकने का संकल्प आपने सूखे व गीले कचरे को अलग-अलग कूड़े दान में रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी ड गीता सिंह तथा मनु आर्या ने बताया कि इस वर्ष स्वच्छता पखवाड़े की थीम स्वच्छोत्सव है । जो कि समाज के प्रत्येक वर्ग को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करती है। डॉ गीता सिंह व मनु आर्या के निर्देशन में स्वयं सेविकाओं ने प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में प्लास्टिक वेस्ट चेंबर, लोहे के बेस्ट के चेंबर आदि का निर्माण किया सभी स्वयंसेविकाओं ने बढ़ चढ़कर सफाई में हिस्सा लिया तथा महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाया।




मनु आर्या



GPS Map Camera
Google
Khurja, Uttar Pradesh, India
6vw3+8rc, Khurja, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.24623° Long 77.854364°
23/09/2025 12:14 PM GMT +05:30


GPS Map Camera
Google
Khurja, Uttar Pradesh, India
6vw3+8rc, Khurja, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.24626° Long 77.854489°
23/09/2025 12:19 PM GMT +05:30

मनु शर्मा


# राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

आज दिनांक 24/09/2025 को एकेपी डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती नीलू सिंह, श्रीमती एकता चौहान तथा महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिम्पल विज ने वेद मंत्रों की पावन ध्वनि के साथ मां सरस्वती के श्रीचरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। तदनन्तर सभी ने सामूहिक रूप से लक्ष्य गीत का गायन किया। स्वयंसेविका बुलबुल सोलंकी ने एन एस एस के बैज में अंकित अष्ट चक्रीय कोणार्क का चक्र स्वयंसेवक को 24 घंटे सेवा के लिए तैयार रहने की याद दिलाता है। लालरंग ऊर्जा व उत्साह का प्रतीक है। कृतिका शर्मा ने स्थापना दिवस का इतिहास बताया। नोडल अधिकारी श्रीमती एकता चौहान ने एन एस एस की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए इसे समाज से जुड़ने का सर्वोत्तम माध्यम बताया। श्रीमती नीलू सिंह ने इसकी सामुदायिक विकास व राष्ट्र निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिम्पल विज ने एन एस एस की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह युवा शक्ति को बेहतर बनाने की प्रयोगशाला है। यह छात्राओं में आत्मानुशासन, स्वावलंबन, सेवा, सामाजिक सरोकार, सहिष्णुता, सद्भावना के गुणों का विकास करता है। कार्यक्रम संयोजिका डॉ मनु आर्या ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।




मनु आर्या



दैनिक जागरण नई दिल

एक नजर में

**स्थापना दिवस मनाया**

**खुर्जा :** नगर के एकेपी डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा बुधवार को स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कालेज की वरिष्ठ शिक्षिका नीलू सिंह, एकता चौहान तथा प्राचार्या प्रो. डिम्पल विज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वयंसेविकाओं ने लक्ष्य गीत का गायन किया। इस दौरान स्वयंसेविका बुलबुल सोलंकी, कृतिका शर्मा व प्राचार्या प्रो. डिम्पल विज ने विभिन्न जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजिका डा. मनु आर्या सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

दैनिक जागरण
Page No - 2
25/09/2025

मनु आर्या

## पुस्तकालय परिसर में स्वच्छता

आज दिनांक 25.9.2025 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान 17 सितंबर से लेकर महात्मा गांधी जी की जयंती 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। आज राष्ट्रीय श्रम योजना कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं ने प्रतिदिन 2 घंटे श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। स्वयं सेविकाओं ने पुस्तकालय परिसर में स्वच्छता की। पुस्तकालय की अलमारियों तथा पुस्तकों से धूल मिट्टी हटाकर सफाई की। पुस्तकों को व्यवस्थित तरीके से लगाया। प्राचार्या जी ने स्वयं सेविकाओं को पुस्तकालय के महत्व से अवगत कराया।







मनु आर्या

## स्वच्छ भारत विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता

आज दिनांक 26.9.2025 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्वच्छता ही सेवा के अभियान के तहत कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर गीता सिंह के निर्देशन में स्वच्छ भारत विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 20 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डिंपल विज ने कहा कि शिक्षक के साथ-साथ इस तरह की गतिविधियों से छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। तथा अपनी कला को प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर गीता सिंह ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान में युवाओं की भूमिका अहम है। यदि आज का युवा सजग है तो स्वर्णिम भारत की कल्पना की जा सकती है। छात्रों ने घर में रखें खराब सामान से सुंदर-सुंदर सजावटी वस्तुएं भी बनाई। जिसकी सभी ने भूरि -भूरि प्रशंसा की की तथा कहा कि सभी छात्राओं को प्रमाण पत्र तथा स्थान पाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने बताया कि व्यर्थ की वस्तुओं कलात्मक आकृतियों का निर्माण कर छात्रों ने अपने रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर रेखा चौधरी, श्रीमती नीलू सिंह ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का निर्वाह किया। वेस्ट से बेस्ट निर्माण प्रतियोगिता में मनिष्का तोमर बीए द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान पर, दिव्या बी ए प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान पर, फरहीन बीए तृतीय वर्ष तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर प्रोफेसर बीना माथुर डॉ अनामिका द्विवेदी, श्रीमती रेखा रानी आदि उपस्थित रहे।




मनु आर्या



GPS Map Camera
Google
Khurja, Uttar Pradesh, India
6vw3+8rc, Khurja, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.246078° Long 77.854304°
26/09/2025 02:12 PM GMT +05:30


CLEAN INDIA
GPS Map Camera
Google
Khurja, Uttar Pradesh, India
6vw3+8rc, Khurja, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.246148° Long 77.854368°
26/09/2025 02:28 PM GMT +05:30

मनु आर्या

## विशिष्ट व्याख्यान

आज दिनांक 27/09/2025 को स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय में विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिंपल विज ने समस्त छात्राओं व स्वयं सेविकाओं को स्वच्छ भारत मिशन की कार्य योजना तथा उपलब्धियां से परिचित कराया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।







मनु आर्या

## सरदार @150वीं प्री इवेंट कार्यक्रम

आज दिनांक 30 अक्टूबर 2025 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की प्रथम एवं द्वितीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा एक भारत आत्मनिर्भर भारत अभियान के संदर्भ में सरदार @150वीं प्री इवेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत निबंध प्रतियोगिता एवं संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर गीता सिंह ने बताया कि यह प्रतियोगिता सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रीय एकता अखंडता के सिद्धांत से अनुप्राणित है। डॉ मनु आर्या ने बताया कि स्वयं सेविकाओं ने भारत को आर्थिक सामाजिक और तकनीकी रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर डिंपल विज ने प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए आत्मनिर्भरता के पांच स्तंभ अर्थव्यवस्था बुनियादी ढांचा प्रणाली जनसांख्यिकी तथा मांग के विषय में बताया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में ऐश्वर्या प्रथम स्थान पर आशी द्वितीय स्थान पर तथा ईशा खान तृतीय स्थान पर रही।




मनु आर्या

# युवा दिवस

आज दिनांक 12/01/2026 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिम्पल विज, वरिष्ठ प्राध्यापिका श्रीमती नीलू सिंह तथा अनामिका द्विवेदी ने युवा हृदय सम्राट स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। स्वदेशी से समृद्ध भारत विषय को ध्यान में रखकर प्राचार्या जी ने सभी को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम अधिकारी डा गीता सिंह ने बताया कि आज का आयोजन स्वामी विवेकानंद जी की लोक हितकारी सोच से युवाओं को परिचित कराने के लिए किया गया है। डॉ मनु आर्या ने बताया कि इस अवसर पर स्वयंसेविका पायल शर्मा, कोमल, सना, डौली, जिया ने स्वामी विवेकानंद जी के विषय में अपने विचार कविता तथा भाषण के रूप में प्रस्तुत किए। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिम्पल विज ने स्वयं सेविकाओं को स्वामी विवेकानन्द के जितेन्द्रिय बनने के गुण को अपनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके युवाओं की सोच और उनकी कार्यक्षमता पर निर्भर करती है। स्वामी विवेकानंद युवाओं के सबसे बड़े प्रेरणास्रोत रहे हैं। उनका मानना था कि युवा शक्ति ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। श्रीमती नीलू सिंह ने कहा कि आज का युवा पथभ्रष्ट हो गया है। नशा युवाशक्ति को खोखला कर रहा है। आपने युवाओं को नशा से होने वाली हानियों को बताते हुए नशा से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। डॉ मनु आर्या ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।




मनु आर्या




## एकेपी डिग्री कालेज में

खुर्जा (ब्यूरो): एकेपी डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डिंपल विज, वरिष्ठ प्राध्यापिका नीलू सिंह और अनामिका द्विवेदी ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। स्वीडेन से राष्ट्रद भारत विश्व को धरा में रखकर प्राचार्य ने सभी को स्वदेशी अपनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम अधिकारी डा. नीता सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन स्वामी विवेकानंद की लोक हितकारी सोच से युवाओं को परिचित कराने के लिए किया गया है। वहीं डा. मनु आर्या ने बताया कि स्वयं-सेविका पायल शर्मा, कोमल, सना हैदर, जिन्होंने स्वामी विवेकानंद के विषय में विचार कविता और भाषण के रूप में प्रस्तुत किए। वहीं नीलू सिंह ने कहा कि नशा युवाशक्ति को खोखला कर रहा है। उन्होंने युवाओं को नशा से होने वाली हानियों को बताते हुए नशा से दूर रहने की अपील की।

स्वामी विवेकानंद के जीवन पर डाला

→ दैनिक जागरण
Page No - 02
13/01/2026



खुर्जा के एकेपी डिग्री कॉलेज में युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं।

## एकेपी डिग्री कॉलेज में युवा दिवस मनाया

खुर्जा। एकेपी डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ डिम्पल विज, वरिष्ठ प्राध्यापिका नीलू सिंह और अनामिका द्विवेदी ने युवा हृदय सम्राट स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम अधिकारी डा नीता सिंह ने बताया कि स्वामी विवेकानंद की लोक हितकारी सोच से युवाओं को परिचित कराने के लिए किया गया है।


→ दैनिक हिन्दुस्तान
Page No - 02
13/01/2026

मनु आर्या

# प्रथम एक दिवसीय शिविर की आख्या

आज दिनांक 24/01/2026 को 16 वें मतदाता दिवस के अवसर पर एकेपी कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने एक दिवसीय शिविर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिंपल विज , श्रीमती एकता चौहान, डॉ गीता सिंह तथा डॉ मनु आर्या ने एन एस एस लक्ष्य गीत के साथ किया। प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम अधिकारी डा गीता सिंह ने ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम "माई भारत माई वोट" है। प्राचार्या प्रो डिम्पल विज ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने छात्राओं को अपने वोट का सही प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। बी ए प्रथम वर्ष की छात्राओं को वोटर आईडी बनाने की प्रक्रिया से अवगत कराया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिंपल विज ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक व्यवस्था है। लोकतंत्र में मतदान के माध्यम से राष्ट्र को संचालित करने वाली नेतृत्व शक्ति का चयन किया जाता है। युवा शक्ति ही भारत को विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। स्वयंसेविकाओं ने मतदाता दिवस पर पोस्टरों के माध्यम से मतदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। आज शासन के निर्देशानुसार विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत थीम पर उतर प्रदेश मनाया गया। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वयंसेविका अक्षिता, गुनगुन, आरती वर्मा, हिना, निशा आदि ने वीररस से परिपूर्ण देशभक्ति कविताओं का पाठ किया।


तदनन्तर सभी स्वयंसेविकाओं ने जलपान का आनन्द लिया। राष्ट्रगान के साथ में एकदिवसीय शिविर का समापन हुआ।









मनु आर्या








द्वितीय एक दिवसीय शिविर की आख्या

मनु आर्या


आज दिनांक 09/03/2026 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई द्वारा ग्राम उस्मापुर खुर्जा में द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 9 बजे महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिम्पल विज ने कार्यक्रम अधिकारी डा मनु आर्या के निर्देशन में स्वयंसेविकाओं को उस्मापुर के लिए महाविद्यालय से विदा किया। ग्राम उस्मापुर के प्राथमिक विद्यालय में पहुंचकर स्वयंसेविकाओं एन एस एस लक्ष्य गीत का गायन किया। शरीर को स्वस्थ व प्रसन्न व सानन्द रखने के लिए प्राथमिक विद्यालय के बच्चों के साथ योगाभ्यास किया। स्वयं सेविकाओं ने विद्यालय के बच्चों को यौगिक जौगिंग, ताड़ासन, भुजंगासन, हलासन, पद्मासन आदि का अभ्यास कराया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं ने ग्राम की समस्यायों को जानने के लिए ग्राम का सर्वे किया। स्वयं सेविकाओं ने ग्राम की कुल आबादी , ग्रामीणों के स्वास्थ्य की स्थिति, ग्राम में शिक्षा की स्थिति, आजीविका के साधन, जल की उपलब्धता, चिकित्सा के साधन, यातायात की सुविधाएं, पशु चिकित्सालय व पशुपालन की विधि, कृषि की आधुनिक व प्राचीन पद्धति, कौशल व प्रौद्योगिकी, नारी सशक्तिकरण की स्थिति, गृह वास्तु आदि विषयों का भारतीय ज्ञान परंपरा के सन्दर्भ में सर्वे किया। खेलकूद, जलपान तथा राष्ट्रीय गान के साथ द्वितीय एक दिवसीय शिविर का समापन हुआ।








मनु आर्या




मनु भार्गी

## प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को कराया योग

खुर्जा। एकेपी डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से प्राथमिक विद्यालय उस्मापुर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें स्वयं सेविकाओं ने बच्चों को

# स्वयंसेविकाओं ने जानी ग्रामीणों की समस्याएं

[illegible]




[illegible]

दैनिक जागरण
Page no-03
10/03/2016

# तृतीय एक दिवसीय शिविर की आख्या

आज दिनांक 10/03/2026 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई का तृतीय एकदिवसीय शिविर ग्राम उस्मापुर में एन एस एस लक्ष्य गीत के साथ में प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने बताया कि आज उस्मापुर ग्राम के प्राथमिक विद्यालय में प्री कैंप लगाया गया। जिसके प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने उत्तम स्वास्थ्य व मन मस्तिष्क की शुद्धता हेतु सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, सर्वांगासन, ताड़ासन, भुजंगासन, उत्तानपादासन, मत्स्यासन, चक्रासन , हलासन आदि योगासनों का अभ्यास किया। द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाओं ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया तथा ग्रामवासियों को स्वच्छता का सन्देश दिया तथा स्वयं सेविकाओं ने ग्राम में शिक्षा का अधिकार तथा डिजिटल साक्षरता के लिए शिक्षा विषय पर जन जागरूकता रैली निकाली। सात दिवसीय विशेष शिविर का समस्त ग्रामवासियों को निमंत्रण दिया। तदनन्तर स्वयंसेविकाओं ने डिजिटल शिक्षा की उपादेयता विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। खेल-कूद व जलपान के तृतीय एक दिवसीय शिविर का समापन हुआ।




मनु आर्या


'NOT ME, BUT YOU'
GPS Map Camera
Khurja, Uttar Pradesh, India
6vf5+w94, Usmapur, Khurja, Uttar Pradesh
203131, India
Lat 28.224698° Long 77.858258°
Tuesday, 10/03/2026 12:49 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
203131,
मंगलवार, 10/03/2026 11:27 AM GMT +05:30
Google




खुर्जा के उस्मापुर गांव में रैली निकालतीं स्वयं सेविकाएं • सौ. कालेज प्रबंधन

# स्वयं सेविकाओं ने दिया स्वच्छता का संदेश

संवाद सहयोगी, जागरण खुर्जा: एकेपी डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई द्वारा गांव उस्मापुर में तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. मनु आर्या ने बताया कि मंगलवार को शिविर का आयोजन उस्मापुर के प्राथमिक विद्यालय में किया गया। पहले सत्र में स्वयं सेविकाओं ने उत्तम स्वास्थ्य और मानसिक शुद्धता के लिए योगासन किए। इसके बाद, द्वितीय सत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें ग्रामीणों को स्वच्छता का महत्व बताया गया। इसके साथ ही, स्वयं सेविकाओं ने शिक्षा का अधिकार और डिजिटल साक्षरता के विषय पर जन जागरूकता रैली भी निकाली, जिससे ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

→ दैनिक जागरण
Page No - 04
11/03/2026

# रैली निकालकर साक्षरता के लिए किया जागरूक



खुर्जा के उस्मापुर गांव में आयोजित शिविर में बच्चों को योग करातीं छात्राएं। स्रोत : कॉलेज

खुर्जा। गांव उस्मापुर गांव में एकेपी डिग्री कॉलेज की स्वयं सेविकाओं ने जागरूकता रैली
निकाली। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को शिक्षा का अधिकार और डिजिटल साक्षरता के
लिए जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनु आर्या ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय
में स्वयं सेविकाओं ने उत्तम स्वास्थ्य और मन व मस्तिष्क की शुद्धता के लिए योग
प्रशिक्षण दिया, जिसमें बच्चों को सूर्य नमस्कार, भूमि नमस्कार, सर्वांगासन, ताड़ासन,
भुजंगासन, उत्तानपादासन, मत्स्यासन, चक्रासन, हलासन आदि योगासनों का अभ्यास
कराया। द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाओं ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और
ग्रामवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयं सेविकाओं ने ग्राम में शिक्षा का अधिकार
और डिजिटल साक्षरता के लिए शिक्षा विषय पर जन जागरूकता रैली निकाली। इसके
बाद स्कूल में डिजिटल शिक्षा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया। संवाद

छात्रों ने किया पराग मिल का शैक्षिक भ्रमण

→ अमर उजाला
Page No - 04
11/03/2026

मनु आर्या

# चतुर्थ एक दिवसीय शिविर की आख्या

आज दिनांक 20/03/2026 को ए के पी डिग्री कॉलेज ,खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स ने ग्राम उस्मापुर में एकदिवसीय फीडबैक कैम्प का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वयंसेविकाओं ने प्राथमिक विद्यालय उस्मापुर में लक्ष्य गीत के साथ किया। तदनन्तर उत्तम स्वास्थ्य व निरामय जीवन हेतु स्वयं सेविका सरिता ने सूक्ष्म व्यायामों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने बताया कि आज के एकदिवसीय शिविर की थीम "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है" सर्वप्रथम स्वयंसेविकाओं ने सड़क सुरक्षा नियमों के पालन की शपथ ग्रहण की तदनन्तर ग्राम वासियों को यातायात नियमों के पालन करने के लिए दुर्घटना से देर भली," "सुरक्षा से जो नाता तोड़ेगा, वो एक दिन दुनिया को छोड़ेगा," और "घर पर बच्चे कर रहे हैं इंतज़ार, धीरे चलाएं अपनी कार" जैसे नारों का उद्घोष करते हुए जागरुकता रैली निकाली। डॉ मनु आर्या ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष में 5.5 प्रतिशत वृद्धि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं में हुई है तथा 4.2 प्रतिशत वृद्धि सड़कों पर होने वाली मृत्यु संख्या में हुई है। सरकार का उद्देश्य है कि वह जनता को अधिक से अधिक जागरूक करके इन दुर्घटनाओं तथा मृत्यु की संख्या को जीरो स्तर पर लेकर आए। सभी ने जलपान का आनन्द लिया। राष्ट्रगान के साथ में चतुर्थ एकदिवसीय शिविर का समापन हुआ।




मनु आर्या


राष्ट्रीय सेवा योजना
प्रथम इकाई
'NOT ME, BUT YOU'
GPS Map Camera
Usmapur, Uttar Pradesh, India
6vg4+gmq, Usmapur, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.22553° Long 77.856849°
Friday, 20/03/2026 12:59 PM GMT +05:30
Google

मनु आर्य

# आमंत्रण पत्र

ए. के. पी. डिग्री कॉलेज, खुर्जा,
राष्ट्रीय सेवा योजना सत्र 2025-2026

## शिविर के उद्देश्य

भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षा, कौशल एवं प्रौद्योगिकी, भारतीयकृषि पद्धति, भारतीय ज्ञान परंपरा में पर्यावरण संरक्षण भारतीय ज्ञान परंपरा में स्वास्थ्य, भारतीय ज्ञान परंपरा में नारी सशक्तिकरणा भारतीय ज्ञान परंपरा में वास्तु

ए. के. पी. डिग्री कॉलेज, खुर्जा राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एन एस एस एंजेल्स का सात दिवसीय विशेष शिविर सत्र- 2025-2026 दिनांक 11/03/26 से 17/03/26 तक ग्राम उस्मापुर में लगाया जा रहा है। आप सभी सादर आमंत्रित हैं ।

**डॉ मनु आर्या**
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रो डिम्पल विज**
प्राचार्या/संरक्षिका
ए. के. पी. डिग्री कॉलेज, खुर्जा

मनु आर्या


## प्रथम दिवस 11/03/2026
## थीम - भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षा

आज दिनांक 11/03/2026 को एकेपी डिग्री कालेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के विशेष शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिंपल विज, महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती नीलू सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना जैन तथा सारस्वत अतिथि मनोज सोलंकी जी ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में वैदिक यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने बताया कि आज के प्रथम सत्र की थीम "भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षा है" जिसके अन्तर्गत भारतीय सनातन संस्कृति के प्राणभूत समस्त संसार का कल्याण करने वाले, पर्यावरण संरक्षण व अध्यात्म के उन्नायक यज्ञ में समस्त विद्यालय परिवार व ग्रामवासियों ने आहुति प्रदान कीं। स्वयंसेविका अंजलि, पूनम तथा कनिष्का ने यज्ञ की प्रक्रिया को सम्पन्न कराया।

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डिंपल विज ने भारतीय ज्ञान परंपरा का आधार वेद को बताया। भारतीय ज्ञान परंपरा में ज्ञान की प्राप्ति के साथ-साथ विद्यार्थी के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास अन्तर्निहित रहता है। विशिष्ट अतिथि श्रीमती नीलू सिंह ने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा जीवन निर्माण की पद्धति पर कार्य करती है। भारतीय शिक्षा पद्धति गुरुकुल व आश्रम शिक्षा पद्धति रही है जहां आचार्य बालक के सर्वांगीण विकास के लिए अहर्निश प्रयासरत रहता है। सारस्वत अतिथि मनोज सोलंकी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल बौद्धिक विकास नहीं, अपितु छात्र का सर्वांगीण विकास, नैतिक उत्थान और आत्म-साक्षात्कार कराना है। यह शिक्षा प्रणाली वेदों, उपनिषदों, योग और दर्शन पर आधारित है, जो जीवन जीने की कला, ज्ञान-विज्ञान और मानवीय मूल्यों के समन्वय के माध्यम से व्यक्ति को जिम्मेदार और आत्मनिर्भर बनाती है। द्वितीय सत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा में शिक्षा विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजयलक्ष्मी प्रथम स्थान पर, कृष्णा द्वितीय स्थान पर तथा प्रिया तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर ललिता अत्री, आरती सिंह, हीरेन्द्र तोमर, नितिन शर्मा, माधुरी गुप्ता, तनु चौहान आदि उपस्थित रहे। सभी स्वयंसेविकाओं के जीवन के लिए मंगल कामनाएं सम्प्रेषित कहीं। जलपान व राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ।




मनु आर्या





मनु आर्या


## द्वितीय दिवस 12/0 3/2026
## थीम - भारतीय ज्ञान परंपरा में कृषि पद्धति

आज दिनांक 12/0 3/2026 को एकेपी डिग्री कालेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई के विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का शुभारंभ एन एस एस लक्ष्य गीत के साथ में हुआ। प्रथम सत्र में उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु, बल वृद्धि के लिए योगासनों का अभ्यास स्वयं सेविकाओं तथा प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने बताया कि आज के सत्र की थीम भारतीय ज्ञान परंपरा में कृषि पद्धति है। विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के मास्टर ट्रेनर श्रीमान मोहर सिंह जी दीनोल से उपस्थित रहे। आपने जीरो बजट प्राकृतिक विष मुक्त गौ आधारित कृषि पद्धति का प्रशिक्षण दिया। आपने जीवामृत, घन जीवामृत, कीटनाशक बनाने की प्रक्रिया समझाई। आपने बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने की विधि बताई। मिट्टी के पोषण व कीटाणु नाशक बनाने के लिए देसी गाय के गोबर का खाद, गोमूत्र व मट्ठा सर्वोत्तम व अनिवार्य है। अतः आपने देसी गाय के पालन पर बल दिया। भूमि का पीएच लेबल कम करने की विधि बताई। इस प्रशिक्षण में स्वयंसेविकाओं, विद्यालय परिवार तथा ग्रामीणों ने प्रतिभागिता की। तृतीय सत्र में कृषि विषयक चर्चा सत्र का आयोजन किया गया जिसमें स्वयंसेविकाओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए। खेलकूद जलपान तथा राष्ट्र गान के साथ विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का समापन हुआ।




मनु आर्या


स्वतंत्रता सेनानी स्व. श्री जगन सिंह जी
सभा कक्ष
NOT ME, BUT YOU
GPS Map Camera
Usmapur, Uttar Pradesh, India
6vg4+gmq, Usmapur, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.225543° Long 77.856519°
Thursday, 12/03/2026 12:27 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Usmapur, Uttar Pradesh, India
6vg4+gmq, Usmapur, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.225538° Long 77.85649°
Thursday, 12/03/2026 12:28 PM GMT +05:30
Google

मनु आया

## तृतीय दिवस 13/03/2026

### थीम - भारतीय ज्ञान परंपरा में पर्यावरण संरक्षण की विधि

आज दिनांक 13/03/2026 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम उस्मापुर में चल रहा है।

आज उसके तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं ने स्वयंसेविका प्राची व हिमांशु के निर्देशन में योग का अभ्यास किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु ने बताया कि आज की थीम भारतीय ज्ञान परंपरा में पर्यावरण संरक्षण की विधि है। बढती हुई ग्लोबल वार्मिंग, जल संकट , शुद्ध पेयजल की न्यूनतम उपलब्धता, प्रदूषित हवा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेविकाओं तथा प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने पोस्टर निर्माण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। तदनन्तर ग्राम में पर्यावरण संरक्षण हेतु जन-जागरूकता रैली निकाली गई। जल है तो जीवन है, प्लास्टिक मुक्त ग्राम का संदेश दिया। लोगों को सब्जी आदि लाने के लिए कपड़ों से निर्मित थैली प्रयोग करने के लिए आह्वान किया। डॉ मनु आर्या ने बताया कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति प्रेमी रही है। आक्सीजन प्रदान करने वाले वृक्ष पीपल बट आदि को पूजा जाता है। भारतीय संस्कृति पर्यावरण संरक्षण के साथ पर्यावरण के पोषण पर विशेष बल देती है। तृतीय सत्र में स्वयंसेविकाये भारतीय ज्ञान परम्परा की जन-जागरूकता रैली लेकर खुर्जा पहुंचीं। खुर्जा के न्यू शिविर में रैली निकाल कर भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को बताया।




मनु आर्या


GPS Map Camera
Usmapur, Uttar Pradesh, India
6vg4+gmq, Usmapur, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.225483° Long 77.856525°
Friday, 13/03/2026 09:35 AM GMT +05:30
Google


पंचायत सचिवालय - विकास खण्ड खुर्जा-बु.शहर
GPS Map Camera
Usmapur, Uttar Pradesh, India
6vg4+gmq, Usmapur, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.225541° Long 77.856557°
Friday, 13/03/2026 09:41 AM GMT +05:30
Google

मनु आर्या

# भारतीय ज्ञान से ही पर्यावरण संरक्षण संभव


संवाद सहयोगी, जागरण • खुर्जा: एकेपी डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई एंजेल्स द्वारा गांव उस्मापुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयं सेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

शिविर के पहले सत्र की शुरुआत योगाभ्यास से हुई, जिसमें स्वयंसेविकाओं ने स्वस्थ जीवनशैली का महत्व बताया। कार्यक्रम अधिकारी डा. मनु आर्या ने कहा कि बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग और जल संकट आज की गंभीर चुनौतियां हैं, जिनका समाधान हमारी प्राचीन भारतीय संस्कृति में है। दूसरे सत्र में पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने भी भाग लिया। बच्चों ने जल संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश दिया। निकाली गई जागरूकता रैली में "जल है तो कल है" और "प्लास्टिक हटाओ, धरा बचाओ" के नारे लगाए गए।




खुर्जा के गांव उस्मापुर में रैली निकालती स्वयं सेविकाएं • सौ. स्कूल प्रबंधन

→ दैनिक जागरण
Page No – 02
14/03/2026



खुर्जा के गांव उस्मापुर में एनएसएस शिविर में पोस्टर बनाती छात्राएं।

## पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर प्रतियोगिता

खुर्जा। नगर के एकेपी डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई ''एंजेल्स'' द्वारा ग्राम उस्मापुर में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाई। भारतीय ज्ञान परंपरा और प्रकृति के अंतर्संबंधों को रेखांकित करते हुए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया गया।


हिन्दुस्तान
Page No – 09
14/03/2026


मनु आर्या

## चतुर्थ दिवस 14/03/2026
## थीम - भारतीय ज्ञान परंपरा में स्वास्थ्य

आज दिनांक 14/03/2026 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम उस्मापुर में चल रहा है। जिसके चतुर्थ दिवस का शुभारंभ एन एस एस लक्ष्य गीत उठो समाज के लिए उठो के साथ में हुआ। स्वयंसेविकाओं ने शिविर स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया। तदनन्तर स्वयंसेविकाओं व ग्राम के बच्चों ने स्वयंसेविका सरिता व अरीशा के निर्देशन में योग का अभ्यास किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु ने बताया कि आज की थीम "भारतीय ज्ञान परंपरा में स्वास्थ्य है"। आज विषय विशेषज्ञ के रूप में प्राकृतिक चिकित्सक नरेश आर्य जी हमीरपुर उपस्थित रहे। आपने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली में स्वास्थ्य को समग्र रूप से देखा जाता है, जिसमें शरीर, मन और आत्मा के संतुलित विकास पर जोर दिया जाता है। यह आयुर्वेद को जीवन का विज्ञान बताया जो कि योग पर आधारित है, जो आहार-विहार, दिनचर्या और प्राणायाम के माध्यम से प्राकृतिक जीवनशैली और पूर्ण आरोग्यता को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। यह परम्परा आचार्य चरक, सुश्रुत, पतंजलि, वाग्भट व धन्वंतरि द्वारा पोषित है। तृतीय सत्र में " आधुनिक चिकित्सा विज्ञान या प्राचीन चिकित्सा पद्धति हितकारी" विषय पर डिबेट का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेविका अरीशा, सदफ, प्राची, मानसी, भारती, विजयलक्ष्मी तथा गीता ने दोनों ही पद्धतियों के लाभ व हानि विषय पर विचार रखे। जलपान व राष्ट्रगान के साथ चतुर्थ दिवस का समापन हुआ।




GPS Map Camera
Usmapur, Uttar Pradesh, India
6vg4+gmq, Usmapur, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.225457° Long 77.856486°
Saturday, 14/03/2026 12:16 PM GMT +05:30
Google



स्व. श्री जगनसिंहजी
सभा कक्ष
प्रधान :-
श्रीमती उपासना सोलंकी
GPS Map Camera
Usmapur, Uttar Pradesh, India
6vg4+gmq, Usmapur, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.2255° Long 77.856531°

मनु शर्मा

## पंचम दिवस 15/03/2026


## थीम - भारतीय ज्ञान परंपरा में नारी सशक्तिकरण

आज दिनांक 15/03/2026 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम उस्मापुर में चल रहा है। जिसके पंचम दिवस का शुभारंभ एन एस एस लक्ष्य गीत उठो समाज के लिए उठो के साथ में हुआ। स्वयंसेविकाओं ने शिविर स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया। तदनन्तर स्वयंसेविकाओं व ग्राम के बच्चों ने स्वयंसेविका सरिता व हिमांशु के निर्देशन में योग का अभ्यास किया। स्वयंसेविका अरीशा व कृष्णा ने फूलों से रंगोली बनाकर एन एस एस का लक्ष्य समाजसेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु ने बताया कि आज की थीम "भारतीय ज्ञान परंपरा में नारी सशक्तिकरण है"। विषय विशेषज्ञ के रूप में शिक्षाविद श्रीमती शकुंतला जी ने कहा कि गौरवशाली भारतीय नारी साहस, त्याग, ज्ञान और नेतृत्व की प्रतिमूर्ति है, जिसने प्राचीन काल से आधुनिक युग तक समाज को आलोकित किया है। उनके त्याग व बलिदान को हमें भी अपने जीवन में अपनाना चाहिए। पतंजलि योगपीठ बुलन्दशहर की प्रभारी श्रीमती हेमा राठी जी ने स्वयंसेविकाओं को सशक्त व समर्थ बनने के सूत्र उत्साह, लगनशीलता, क्रियाशीलता व समर्पण को बताया। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो रेखा चौधरी ने वेद विदुषी गार्गी, मैत्रेयी, अनुसूया, मदालसा, जीजाबाई व अहिल्याबाई के जीवनकाल के संघर्षों से प्रेरणा लेने के लिए कहा। दुबई से समागत निधि जी ने भारतीय संस्कृति व पाश्चात्य संस्कृति का तुलनात्मक स्वरूप प्रस्तुत किया। खेलकूद व राष्ट्रगान के बाद आज के सत्र का समापन हुआ।




मनु शर्मा


स्वतंत्रता सेनानी स्व. श्री
सभा कक्ष
राष्ट्रीय सेवा योजना
NOT ME BUT YOU
सात दिवसीय
GPS Map Camera
Usmapur, Uttar Pradesh, India
6vg4+gmq, Usmapur, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.22555° Long 77.856458°
Sunday, 15/03/2026 12:28 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Usmapur, Uttar Pradesh, India
6vg4+gmq, Usmapur, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.225514° Long 77.856484°
Sunday, 15/03/2026 02:25 PM GMT +05:30
Google

## नारी सशक्तीकरण के प्रति किया जागरूक

खुर्जा। उस्मापुर गांव में एकेपी डिग्री कॉलेज की स्वयं सेविकाओं की ओर से नारी सशक्तीकरण के प्रति महिलाओं को जागरूक किया गया। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शिक्षाविद शकुंतला ने कहा कि भारतीय नारी प्राचीन काल से ही साहस, त्याग और नेतृत्व की प्रतिमूर्ति रही है।

उन्होंने कहा कि नारी ने अपनी बौद्धिक क्षमता से समाज को हमेशा आलोकित किया है। पतंजलि योगपीठ की प्रभारी हेमा राठी ने छात्राओं को सफलता के चार सूत्र उत्साह, लगनशीलता, क्रियाशीलता और समर्पण बताए।

उन्होंने कहा कि इन्हीं सूत्रों को अपनाकर नारी सशक्त और समर्थ बन सकती है। इस दौरान वरिष्ठ प्राध्यापिका रेखा चौधरी और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनु ने बताया ने भी अपने विचार रखे। संवाद

अमर उजाला

Page No. 04

16/03/2026

## उत्साह, लगनशीलता, क्रियाशीलता व समर्पण के बारे में बताया

संवाद, खुर्जा : एकेपी डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई एनीस्स द्वारा गांव उस्मापुर में आयोजित सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन रविवार को भारतीय नारी उत्थान में नारी सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता शिक्षाविद शकुंतला ने स्वयं-सेविकाओं से कहा कि भारतीय नारी प्राचीन काल से ही साहस, त्याग और नेतृत्व की प्रतिमूर्ति रही है। उन्होंने कहा कि नारी ने अपनी बौद्धिक क्षमता से समाज को हमेशा आलोकित किया है। उनके जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। वहीं विशिष्ट अतिथि पतंजलि योगपीठ की प्रभारी हेमा राठी ने छात्राओं को सफलता के चार सूत्र उत्साह, लगनशीलता, क्रियाशीलता और समर्पण बताए। उन्होंने कहा कि इन्हीं सूत्रों को अपनाकर नारी सशक्त और समर्थ बन सकती है।

दैनिक जागरण

Page No. - 04

16/03/2026




खुर्जा गांव उस्मापुर में एनएसएस शिविर में कार्यक्रम को संबोधित करतीं डॉ रेखा सिंह।

## नारी सशक्तिकरण पर व्याख्यान

खुर्जा। एकेपी डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई एनीस्स द्वारा गांव उस्मापुर में आयोजित सात दिवसीय शिविर के पांचवें दिन मुख्य वक्ता शिक्षाविद शकुंतला ने स्वयं-सेविकाओं से कहा कि भारतीय नारी प्राचीन काल से ही साहस, त्याग और नेतृत्व की प्रतिमूर्ति रही है। उन्होंने कहा कि नारी ने अपनी बौद्धिक क्षमता से समाज को हमेशा आलोकित किया है। वहीं विशिष्ट अतिथि पतंजलि योगपीठ की प्रभारी हेमा राठी ने छात्राओं को सफलता के चार सूत्र उत्साह, लगनशीलता, क्रियाशीलता और समर्पण बताए।

हिन्दुस्तान

Page No. 04

16/03/2026

मनु आर्या

# षष्ठ दिवस 16/03/2026


## थीम - भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान व तकनीकी

आज दिनांक 16/03/2026 को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई एंजेल्स के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम उस्मापुर में चल रहा है। जिसके षष्ठ दिवस का शुभारंभ एन एस एस लक्ष्य गीत के साथ में हुआ। प्रातः कालीन सत्र में पतंजलि योगपीठ से योगऋषि स्वामी रामदेव जी के शिष्य स्वामी प्राणदेव जी महाराज ने योगासन व प्राणायाम का अभ्यास कराया। स्वामी जी ने स्वयंसेविकाओं को अन्नमयकोश प्राणमयकोश मनोमयकोश विज्ञानमयकोश आनन्दमयकोश के स्वरूप से अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने बताया कि आज की थीम "भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान व तकनीकी है"। इस सत्र की विषय विशेषज्ञ श्रीमती वर्षा गुप्ता जी उज्ज्वल ज्ञानालय निश्शुल्क शिक्षा संस्थान खुर्जा से रहीं। आपने छात्राओं को व्यावहारिक ज्ञान, प्रयोगात्मक कौशल और वास्तविक दुनिया की समस्याओं को सुलझाने की क्षमता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। आपने छात्राओं को बेकार की वस्तुओं से हस्तशिल्प सजावट की वस्तुएं मोर छड़ी, डांडिया स्टिक, पैन सजाना, कलश सजाना, टेबल मेट आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया। आपने कहा कि प्रयास छात्राओं को स्व रोजगार के अवसर प्रदान करेगा।

श्रीमती निधि रसवंत जी ने बालिकाओं को मासिक धर्म की प्रक्रिया, पीरियड्स के समय होने वाली समस्याओं पेट दर्द, कमर दर्द, उल्टी, चक्कर आदि के कारणों पर विस्तार से चर्चा की। आपने मासिक धर्म सम्बन्धी समस्याओं से बचने के लिए पूरे महीने के लिए स्वास्थ्यवर्धक भोजन सामग्री की जानकारी दी।




मनु आर्या



GPS Map Camera
Usmapur, Uttar Pradesh, India
6vg4+gmq, Usmapur, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.225582° Long 77.856472°
Monday, 16/03/2026 10:55 AM GMT +05:30
Google


"कार्यालय"
GPS Map Camera
Loading...
Monday, 16/03/2026 01:38 PM GMT +05:30
Google


## सप्तम दिवस 17\03\26

## थीम - भारतीय ज्ञान परंपरा में वास्तु

आज दिनांक 17 मार्च 2026 दिन मंगलवार को एकेपी डिग्री कॉलेज खुर्जा (बुलंदशहर) की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के सात - दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन गांव उस्मापुर में समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वेद मंत्रों की पावन ध्वनि तथा NSS लक्ष्य गीत से किया गया। ग्राम प्रधान श्रीमती उपासना सोलंकी, महाविद्यालय से प्राचार्य प्रतिनिधि प्रो बीना माथुर, प्रो रेखा चौधरी तथा श्रीमती एकता चौहान ने मां सरस्वती के श्री चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। एन एस एस नोडल अधिकारी श्रीमती एकता चौहान ने स्वयंसेविकाओं के सम्मुख NSS के महत्व, कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। एन एस एस व्यक्ति के व्यक्तित्व को परिपूर्ण बनाने के साथ ही समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनु आर्या ने बताया कि आज की थीम "भारतीय ज्ञान परंपरा में वास्तु है"। प्रो बीना माथुर ने बताया कि घर स्थिरता का प्रतीक है। घर में वायु के आवागमन तथा प्राकृतिक प्रकाश की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। शौचालय व रसोई आमने-सामने नहीं होने चाहिए। आवासयोग्य भूमि के एक तिहाई भाग पर आक्सीजन प्रदान करने वाले वृक्ष हों, घर के मध्य में आंगन अवश्य हो। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं के निर्देशन में विद्यालय के बच्चों ने योगासन, स्तूप, वैदिक प्रश्नोत्तरी, भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित गीत व कविताएं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। उपासना सोलंकी ने सभी स्वयंसेविकाओं को उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं दीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।




मनु आर्या


पंचायत सचिवालय - विकास खण्ड खुर्जा बु.शहर
GPS Map Camera
Usmapur, Uttar Pradesh, India
6vg4+gmq, Usmapur, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.225538° Long 77.856536°
Tuesday, 17/03/2026 01:57 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Usmapur, Uttar Pradesh, India
6vg4+gmq, Usmapur, Uttar Pradesh 203131, India
Lat 28.225499° Long 77.856418°
Tuesday, 17/03/2026 12:56 PM GMT +05:30
Google

मनु आर्या

# गांव उस्मापुर में एनएसएस शिविर का समापन

संवाद सहयोगी, जागरण • खुर्जा: एकेपी डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव उस्मापुर में आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। समापन समारोह का उद्घाटन गांव प्रधान उपासना सोलंकी, प्रोफेसर बीना माथुर, प्रोफेसर रेखा चौधरी और एकता चौहान ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया। एनएसएस नोडल अधिकारी एकता चौहान ने स्वयं-सेविकाओं को बताया कि शिविर केवल सेवा का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व विकास का भी अवसर है। कार्यक्रम अधिकारी डा. मनु आर्या ने समापन दिवस की थीम भारतीय ज्ञान परंपरा में वास्तु रखी। प्रोफेसर बीना माथुर ने घर की संरचना और स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर के अंतिम दिन बच्चों ने योगासन, स्तूप प्रदर्शन और वैदिक प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। छात्राओं ने भारतीय परंपरा से जुड़े गीतों और कविताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



उस्मापुर में हुए एनएसएस शिविर में मेडल के साथ मौजूद स्वयंसेविकाएं • सौ. कालेज

↓
दैनिक जागरण
Page No - 04
18/03/2026

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

खुर्जा। उस्मापुर गांव में आयोजित एकेपी डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई सात दिवसीय शिविर का समापन मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम में स्वयं सेविकाओं को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ गांव प्रधान उपासना सोलंकी, प्रो. बीना माथुर, प्रोफेसर रेखा चौधरी, एकता चौहान ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर किया। एनएसएस नोडल अधिकारी एकता चौहान ने बताया कि शिविर केवल सेवा ही नहीं, बल्कि व्यक्तित्व को निखारने का एक सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम अधिकारी डा. मनु आर्या ने बताया कि शिविर के अंतिम दिन गांव के बच्चों ने स्वयं-सेविकाओं के मार्गदर्शन में शानदार योगासन, स्तूप प्रदर्शन और वैदिक प्रश्नोत्तरी में हिस्सा लिया। स्वयं सेविकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में स्वयं सेविकाओं को सम्मानित किया गया। संवाद

↓
अमर उजाला
Page No - 07
18/03/2026

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शिविर समाप्त


खुर्जा। एकेपी डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से गांव उस्मापुर में चल रहे सात दिवसीय शिविर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। समापन समारोह का शुभारंभ गांव प्रधान उपासना सोलंकी, प्रोफेसर बीना माथुर, प्रोफेसर रेखा चौधरी, एकता चौहान ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर किया। प्रोफेसर बीना माथुर ने इस दौरान अपने विचार रखे।


↓
हिन्दुस्तान
Page No - 06
18/03/2026

मनु आर्या







# धन्यवाद

मुन्नु शर्मा